# धर्म परिवर्तन के आरोप पर किन्नरों में आक्रोश

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 जून।** खतौरा में दो किन्नरों के साथ हुई मारपीट और बाल काटने की घटना के बाद गुरुवार को मामला गरमा गया। नेहा और मुस्कान किन्नर के समर्थन में बड़ी संख्या में किन्नरों ने

> **मारपीट, बाल काटने के मामले में एसपी कार्यालय पहुंचा किन्नर समाज, गिरफ्तारी की मांग**



पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर धरना दिया और ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जा रहा था, जिसका विरोध करने पर मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। किन्नरों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

गुरुवार को भोपाल से पहुंचीं जगत गुरु मां काजल ठाकुर के नेतृत्व में किन्नरों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपे गए ज्ञापन में नेहा अहिरवार और मुस्कान गुर्जर ने आरोप लगाया कि भावना ईसागढ़, अशोकनगर निवासी चांदनी खान, इंदौर की पायल और उनके साथियों द्वारा उन पर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बनाया जा रहा था।

ज्ञापन में बताया गया है कि 16 जून को खतौरा क्षेत्र में उनके साथ मारपीट की गई, अपमानित किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि हमलावरों ने उनके बाल भी काट दिए। साथ ही सोने की चेन, मंगलसूत्र, कान के टॉप्स, मोबाइल फोन और लगभग 30 हजार रुपए भी छीन लिए गए। जगत गुरु मां काजल ठाकुर ने आरोप दोहराया कि अशोकनगर की चांदनी खान उनके चेलों पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रही है। उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन का विरोध करने पर नेहा और मुस्कान के साथ बेरहमी से मारपीट की गई और कैंची से उनके बाल काट दिए गए। उन्होंने पूरे मामले में कड़ी कार्रवाई और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। उल्लेखनीय है कि 16 जून को इंदार थाना क्षेत्र के खतौरा कस्बे में नेहा और मुस्कान किन्नर के साथ मारपीट का मामला सामने आया था। पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब पीड़ित पक्ष ने एसपी कार्यालय पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी, सुरक्षा और धर्म परिवर्तन के आरोपों की जांच की मांग उठाई है।



## कुकिंग प्रतियोगिता में रेखा धाकड़ को मिला द्वितीय स्थान

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 जून।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में चौधरी बाबा स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती रेखा धाकड़ ने उत्कृष्ट पाक-कौशल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनके नवाचार, स्वाद और प्रस्तुतीकरण को निर्णायकों ने सराहा। इस उपलब्धि पर जनपद पंचायत शिवपुरी की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता-रघुवीर रावत, नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा, जनपद सीईओ द्वारा उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य पोषणयुक्त भोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और महिलाओं की रचनात्मक क्षमता को मंच प्रदान करना था। श्रीमती रेखा धाकड़ की सफलता से न केवल उनके समूह का गौरव बढ़ा है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए भी प्रेरणादायक संदेश गया है कि प्रतिभा और मेहनत के बल पर किसी भी मंच पर पहचान बनाई जा सकती है। जनपद पंचायत ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस उपलब्धि को महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

## शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से रखा जाए मुक्त



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 जून।** करीब 25 से 30 साल स्कूलों में शिक्षक के रूप

> **मप्र शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपकर टीईटी मामले में उठाई आवाज**

में सेवाएं देने के बाद अचानक सामने आए एक आदेश ने शिक्षकों की नींद उड़ा रखी है। शिक्षकों को नौकरी में बने रहने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा यानि टीईटी पास करना अनिवार्य किया गया है।जिसे शिक्षक संघ अव्यावहारिक बता रहे हैं।

इसी महत्वपूर्ण मामले को लेकर मप्र शिक्षक संघ लगातार आवाज उठा रहा है। संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. छत्रवीर सिंह राठौड़ के निर्देश पर शिवपुरी जिला इकाई ने गुरूवार की शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय शिक्षामंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम शिवपुरी एडीएम दिनेशचंद्र शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष वत्सराज सिंह राठौड़ व जिला सचिव अनिल गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकारिणी सदस्यों सहित अन्य शिक्षक नेता भी ज्ञापन देने पहुंचे। संघ के मीडिया प्रभारी नीरज सरैया ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से जो प्रमुख मांग रखी गई हैं उनमें 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थाई रूप से मुक्त किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सुशील अग्रवाल, बलवीर तोमर, प्रदीप नरवरिया, नरेश भार्गव, कृष्णराम बंसल, जितेन्द्र पाठक, राजाराम राठौर, मुकेश शर्मा, राजेन्द्र पिपलौदा, महेन्द्र नायक आदि मौजूद रहे।

## सीईओ ने बच्चों के साथ किया भोजन



**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 18 जून।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशों के पालन में जनपद पंचायत पोहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आफीसर सिंह गुर्जर ने गतदिवस स्कूल चले हम अभियान के तहत शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पोहरी का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को पुस्तकें वितरित कर अध्ययन के लिए प्रेरित किया तथा स्वयं कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता और पढ़ाई के स्तर का भी आकलन किया।

निरीक्षण के दौरान माध्यमिक विद्यालय में 38 तथा प्राथमिक में 30 विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज मिली। श्री गुर्जर ने प्राचार्य को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक बच्चे को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीईओ गुर्जर ने विद्यालय में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं जैसे शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं साफ-सफाई का भी जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और प्रतिदिन विद्यालय आने की समझाइश दी। इस अवसर पर उन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी देखी और बच्चों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्राचार्य दामोदर लश्कर सहित समस्त शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहा। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्राचार्य सहित शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

## ब्लैकलिस्ट नहीं है कामथेन सिक्योरिटी सर्विस

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 जून।** स्वास्थ्य, शिक्षा एवं परिवहन विभाग सहित विभिन्न शासकीय संस्थानों में आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कामथेन

> **अफवाहें फैलाने का हो रहा प्रयास : संस्था**

सिक्योरिटी सर्विस ने स्वयं को ब्लैकलिस्ट किए जाने संबंधी खबरों को भ्रामक और निराधार बताया है।

संस्था का कहना है कि कुछ समाचार माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तथ्यों से परे जानकारी प्रसारित कर उसकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। संस्था के प्रतिनिधि द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) शिवपुरी को लिखित पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि कामथेन सिक्योरिटी सर्विस वर्तमान में मध्यप्रदेश के 93 शासकीय संस्थानों में आउटसोर्स ग्रुप-डी कर्मचारियों की सेवाएं प्रदान कर रही है। इनमें स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाएं, जिला अस्पताल, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ), आईटीआई सहित अन्य सरकारी संस्थान शामिल हैं। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि संस्था किसी भी विभाग या शासकीय निकाय द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं की गई है।

## खनियांधाना की दृशि जैन बनीं सीए

**नवभारत न्यूज**
**करैरा, 18 जून।** खनियांधाना एक छोटे से नगर से निकल कर देश की



प्रतिष्ठित प्रोफेशनल परीक्षा को पहली बार में ही पास करके सफलता प्राप्त करने वालों में आज खनियांधाना की दृशि जैन का नाम भी जुड़ गया जिन्होंने आज घोषित आईसीएआई के फाइनल रिजल्ट में पहले प्रयास में ही एक साथ दोनों ग्रुप क्लियर करके अपने परिवार, समाज और नगर का सम्मान बढ़ाया है ।उनके परिवार में पहले से ही तीन ष्ट बनकर मुंबई, इंदौर , अहमदाबाद में रहकर कार्यरत हैं तथा वह अपने परिवार की चौथी ष्ट बन गई हैं ।उनकी इस सफलता पर उनके परिवार जनों , इष्ट मित्रों तथा नगर के गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी है ।

नगर के प्रमुख समाजसेवी एवं पत्रकार सचिन मोदी की बेटी कु. दृशि जैन ने बताया कि उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा नगर के ही श्री नंदीश्वर विद्यालय से प्राप्त कर आत्मार्थी कन्या विद्या निकेतन दिल्ली से आगे लौकिक तथा धार्मिक शिक्षा ग्रहण की ।कोरोना के चलते घर से ही ऑनलाइन पढ़ाई कर के फाउंडेशन क्लियर किया और इसके बाद इंदौर में रहकर सीए इंटर के दोनों ग्रुप एक साथ निकाल कर एक प्रतिष्ठित सीए फार्म में आर्टिकलशिप पूरी की और मई में हुए फाइनल एग्जाम में दोनों ग्रुप की एक साथ परीक्षा दी और आज घोषित रिजल्ट में सफलता प्राप्त की ।

## जनसमस्या शिविर का हुआ समापन



**नवभारत न्यूज**
**पिछोर, 18 जून।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार पिछोर जनपद पंचायत में विकासखंड स्तरीय जनकल्याण शिविर 16 जून से प्रारम्भ होकर 18 जून तक तीन दिवसीय शिविर का समापन क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी के मुख्य अतिथि में किया गया! शिविर के दौरान जनपद पंचायत के अधीन सभी संबंधित विभागों से समस्याओ हेतु कुल पांच हजार आठ सौ अठावन आवेदन प्राप्त हुए।

छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण की गई,इसके साथ ही स्वस्थ सहायता समूह की महिलाओं के लिए कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई !प्रथम स्थान पर खाती बाबा स्वसहायता समूह की रसोईया निशा गुप्ता, द्वितीय स्थान पर रामराजा स्वसहायता समूह गढोईया की राजकुमारी परिहार तथा तीसरे स्थान पर शौर्यन सहायता समूह बदरखा की रानी पाराशर को प्रमाण पत्र देकर क्रमश: प्रथम द्वितीय तृतीय को 5000, 3000,2000 पुरस्कार वितरण किया गया इसके साथ ही विधायक द्वारौ इस मौके पर पिछड़ा वर्ग कार्य समिति के सदस्य अशोक यादव तथा भाजपा नेता रामेंन्द्र छिरोलिया ने भी जनकल्याण योजना के साथ क्षेत्रीय विधायक की सराहना करते हुए उनके द्वारा कराए जा रहे हैं विकासकार्यों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी श्रीमती ममता शाक्य द्वारा जनसमस्या शिविर के बारे में सभी योजनाओं की जानकारी दी! अतिरिक्त जिला सीईओ एन एस नरवरिया द्वारा का आभार व्यक्त किया!संचालन सचिव सुरेंद्र शर्मा द्वारा किया गया!

## किसान की जमीन का फर्जी अनुबंध कराने का आरोप, स्कूल संचालक पर एफआईआर दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 जून।** ग्वालियर बायपास रोड निवासी 85 वर्षीय किसान रामजीलाल वर्मा की जमीन का कथित फर्जी अनुबंध कराने के मामले में कोतवाली

> **दस्तावेजों की जांच में करेंगी पुलिस**

थाना पुलिस ने सीजेएम न्यायालय के आदेश पर एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने शिवकुमार गौतम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) और 336(3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी शिवकुमार गौतम किड्स गार्डन स्कूल के पास शिवपुरी का निवासी है।

शिकायत के मुताबिक, रामजीलाल वर्मा के नाम राजस्व अभिलेखों में भूमि सर्वे नंबर 609/2 दर्ज है। आरोप है कि फरवरी 2024 में शिवकुमार गौतम ने इस भूमि को अपनी बताकर हेमंत कुमार गुप्ता के साथ अनुबंध कर लिया। शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि यह अनुबंध पूरी तरह फर्जी और कूटरचित है, जिसका उद्देश्य उनकी संपत्ति से अवैध लाभ प्राप्त करना था। रामजीलाल वर्मा ने इस मामले की शिकायत पहले फिजिकल थाना, कोतवाली थाना और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की थी। हालांकि, कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने सीजेएम न्यायालय में परिवाद दायर किया। न्यायालय ने सुनवाई के बाद भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 175(3) के तहत कोतवाली थाना पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। न्यायालय के आदेश के बाद कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी शिवकुमार गौतम के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब अनुबंध से संबंधित दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की गहनता से जांच कर रही है।

## गौवंश लेकर जा रहा पिकअप वाहन पलटा

**मुलताई।** नेशनल हाईवे नागपुर रोड पर मल्हारा पंखा के पास बुधवार रात्रि करीब 12 बजे गौवंश लेकर जा रहा पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 43 बीबी 0190 अनियंत्रित होकर पलट गया,जानकारी मिलने पर बजरंगी एवं पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा एवं गौवंश को बाहर निकालकर पलटा हुआ वाहन क्रेन से सीधे कराया है। बताया जाता है बुधवार रात एक तेज रफ्तार पिकअप नागपुर की ओर जा रही चालक अत्यधिक मात्रा में शराब के नशे में वाहन चला रहा था तेज रफ्तार के कारण वाहन अनियंत्रित होकर डिवायडर टकरा कर एक बडे ट्राले में घुस गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकप के परखच्चे उड़ गए। पिकप में सवार दो लोगो में से एक की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।दुर्घटना की सूचना मिलते ही एनएचएआई की एम्बुलेंस मौके पर पहुंची एवं घायल को अस्पताल भिजवाया गया है।वहीं दुर्घटना ग्रस्त वाहन में देखा तो पिकप मे करीब 12 गौ वंश के मुंह पैर रस्सी से बांधे हुए थे, प्रत्यक्ष दर्शियो द्वारा पुलिस प्रशासन एवं बजरंग दल मुलतापी को सूचना दी गई। तब तक कुछ लोगो ने सभी गौ वंशों को रस्सियां काटकर गौ वंश को मुक्त कराया गया।

### शराब दुकानों से बढ़ी परेशानी

**पाथाखेड़ा।** क्षेत्र में संचालित शराब दुकानों को लेकर एक बार फिर स्थानीय रहवासियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। आरोप है कि आबकारी विभाग द्वारा निर्धारित नियमों की खुलेआम अनदेखी करते हुए शराब दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक कीमत वसूलकर शराब प्रेमियों से अवैध रूप से अतिरिक्त राशि ली जा रही है। न ही रेट लिस्ट लगाई गई है क्षेत्रवासियों का कहना है कि शराब दुकानों के कर्मचारी नियमों को ताक पर रखकर ओवरचार्जिंग कर रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इतना ही नहीं, कई स्थानों पर शराब दुकानों के आसपास अवैध रूप से अहाते संचालित किए जाने के भी आरोप लगाए जा रहे हैं। नियमानुसार शराब दुकानों के पास बैठकर शराब सेवन कराने की अनुमति नहीं होती, इसके बावजूद खुलेआम लोगों को बैठाकर शराब पिलाई जा रही है। इससे क्षेत्र का वातावरण प्रभावित हो रहा है।

## जनकल्याण शिविर में उमड़ी भीड़, हितग्राहियों को मिला लाभ : गुप्ता

**नवभारत न्यूज**
**नरवर, 18 जून।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जनपद पंचायत नरवर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर के अंतिम दिवस पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।




कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रिय विधायक रमेश खटीक ने मौके पर ही लोगों की समस्याएं सुनकर निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां आमजन को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्रता और आवेदन प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य योजनाओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में लगभग 369 आवेदन आए अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ शीघ्र मिल सके। विधायक रमेश खटीक ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि पात्र हितग्राहियों को बिना किसी परेशानी के योजनाओं का लाभ मिले और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

शिविर में संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति प्रदान की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग को लगभग 50 आवेदन प्राप्त हुए। शिक्षा विभाग एवं राजस्व विभाग में भी प्रमाण-पत्र और अन्य कार्यों से जुड़े आवेदन दर्ज किए गए। नगर परिषद द्वारा स्ट्रीट वेंडर योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 15 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत की गई। वहीं महिलाओं को स्वरोजगार एवं कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार ओपी तिवारी, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी रविरमन पाराशर, बीआरसीसी प्रदीप अवस्थी, पंचायत खंड अधिकरी ब्रजमोहन कोली, एपीओ अतीक कुरैशी सहित सभी शासकीय विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ जनप्रतिनिधि,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोपाल सिंह पाल, नरवर भाजपा मंडल अध्यक्ष इमरत कुशवाहा, ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष नारायण बघेल,जिला पंचायत सदस्य अंशुमन रावत, भाजपा नेता रामलखन कुशवाह , सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## विद्यालय निरीक्षण के दौरान सामने आई पेयजल समस्या

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी 18 जून।** पोहरी अनुभाग के अंतर्गत आने वाले आदिवासी बाहुल्य ग्राम अहेरा का गुरुवार दोपहर 1 बजे एसडीएम जेपी गुप्ता

> **एसडीएम जेपी गुप्ता ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश**

एवं जनपद पंचायत सीईओ ऑफिसर सिंह गुर्जर ने अधिकारियों के साथ आकस्मिक भ्रमण किया। इस दौरान शासकीय विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शौचालय की स्थिति में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।



अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल संकट की समस्या से अवगत कराया, जिस पर एसडीएम जेपी गुप्ता ने गंभीरता दिखाते हुए पीएचई विभाग के उपयंत्री को तत्काल समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित टीम को गांव में ही रुकने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर पटवारी, पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं शिक्षकगण सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों के इस आकस्मिक दौरे से ग्रामीणों में समस्याओं के शीघ्र समाधान की उम्मीद जगी है।

### नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के आदिवासी अंचल में एक आरोपी द्वारा 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है, पीडिता की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम में मंगलवार दोपहर जब बारिश हो रही थी,उस समय आरोपी चिक्कू उर्फ विजय वाडिवा (23) ने बच्ची को कुरकुरे दिलाने का लालच देकर वह अपने घर ले गया और वहां बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद बच्ची जब अपने घर पहुंची, तो परिजनों ने उससे पूछताछ की।

## भैंसराबान में चीते का हमला, महिला घायल

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी 18 जून।** शिवपुरी जिले के



पोहरी क्षेत्र के भैंसराबान गांव में गुरुवार सुबह करीब 5 बजे एक महिला पर चीते ने हमला कर दिया। घटना उस समय हुई जब महिला शौच के लिए घर से बाहर गई थी। अचानक हुए हमले में महिला के गर्दन और हाथ पर पंजों के गहरे घाव आए हैं। गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन उपचार के लिए कराहल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है।

घटना के बाद लक्ष्मीपुरा और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में वन्यजीवों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन वन विभाग द्वारा समय पर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। महिला पर हमले के बाद लोगों में भय और चिंता का माहौल व्याप्त है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना दिए जाने के बाद भी वन विभाग का अमला मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते वन विभाग द्वारा गश्त और निगरानी की व्यवस्था की जाती तो इस तरह की घटना से बचा जा सकता था। घटना के बाद क्षेत्र के लोग घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल टीम भेजकर चीते की तलाश करने, प्रभावित क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।